Bharat Temples

दिल तो प्यारा है मगर दिल से भी प्यारा तू है।

दिल तो प्यारा है मगर दिल से प्यारा तू है।
पर गजब ये है कि इस दिल में भी न्यारा तू है॥

दिल दुखाने का जो दावा भी करूँ किस पै करूँ।
दर्द दिल तू ही है और दिल भी हमारा तू है॥

मुझको तेरे सिवा कोई भी नज़र आता नहीं।
रोशनी जिसमे है आँखों का वो तारा तू है॥

तेरा कब्जा है हरेक दिल पै कोई दे या न दे।
दिल दुलारा है तेरा दिल का दुलारा तू है॥

'बिन्दु' आँसू के बहा बैठे हैं उल्फ़त कि नदी में।
मैं हूँ मझधार में घनश्याम किनारा तू है॥

Source:
https://www.bharattemples.com/dil-to-pyara-hai-magar-dil-se-bhi-pyara-tu-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw